TOPPERS CLUB
IAS ACADEMY

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUIZ



Er Dev Pratap Singh
Director

Contact Us →
+91 6388671098 www.topperclubiasacademy.in dpsctc@gmail.com

## Wednesday, 06 May 2026

**1. थॉमस कप 2026 के सेमीफ़ाइनल में भारत किस देश से हारा?**
(A) डेनमार्क
(B) इंडोनेशिया
(C) फ़्रांस
(D) जापान

**2. 2026 में भारतीय रिज़र्व बैंक के नए डिप्टी गवर्नर के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(A) टी. रवि शंकर
(B) विवेक दीप
(C) अजय कुमार
(D) रोहित जैन

**3. CINBAX-II 2026 भारत और किस देश के बीच एक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास है?**
(A) वियतनाम
(B) कंबोडिया
(C) थाईलैंड
(D) इंडोनेशिया

**4. पैरानल सोलर ESPRESSO टेलीस्कोप (PoET) ने किस ऑब्ज़र्वेटरी में पहली रोशनी पाई?**
(A) पैरानल ऑब्ज़र्वेटरी
(B) किट पीक ऑब्ज़र्वेटरी
(C) मौना की ऑब्ज़र्वेटरी
(D) अरेसिबो ऑब्ज़र्वेटरी

**5. अग्नि सुरक्षा सप्ताह (4–10 मई 2026), जो हाल ही में समाचार में था, किस मंत्रालय की पहल के तहत पूरे देश में स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में मनाया जा रहा है?**
(A) गृह मंत्रालय
(B) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(C) रक्षा मंत्रालय
(D) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

**6. 2026 में यूरोपीय राजनीतिक समुदाय (EPC) शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाला पहला गैर-यूरोपीय देश कौन सा बना?**
(A) भारत
(B) ऑस्ट्रेलिया
(C) जापान
(D) कनाडा

**7. 'Startup Kadapa' पहल, जो हाल ही में ज़िला-स्तरीय उद्यमिता और MSME सहायता को बढ़ावा देने के लिए चर्चा में रही है, किस राज्य में विकसित की जा रही है?**
(A) आंध्र प्रदेश
(B) तमिलनाडु
(C) तेलंगाना
(D) कर्नाटक

**8. सैविल्स ग्रोथ हब्स इंडेक्स में 2035 तक दुनिया का सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला बड़ा शहर कौन सा भारतीय शहर है?**
(A) मुंबई
(B) बेंगलुरु
(C) हैदराबाद
(D) दिल्ली

**9. हाल ही में, इंडिया पोस्ट ने मारियो मिरांडा की जन्म शताब्दी किस तारीख को मनाई है?**
(A) 2 मई 2026
(B) 3 मई 2026
(C) 4 मई 2026
(D) 5 मई 2026

**10. किस संगठन ने 2026 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बिजली कनेक्शन और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए $70 बिलियन की क्षेत्रीय निवेश योजना की घोषणा की?**
(A) विश्व बैंक
(B) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(C) एशियाई विकास बैंक
(D) न्यू डेवलपमेंट बैंक

**1-{C} - 2-{D} - 3-{B} - 4-{A} - 5-{B} - 6-{D} - 7-{A} - 8-{B} - 9-{A} -10-{C}**

TOPPERS CLUB
IAS ACADEMY

# DAILY GENERAL STUDIES QUIZ



Er Dev Pratap Singh
Director

Contact Us
+91 6388671098 www.topperclubiasacademy.in dpsctc@gmail.com

## Wednesday, 06 May 2026 G.S

**1.ख़िलाफ़त आंदोलन किस वर्ष शुरू किया गया था?**

(A) 1919 (B) 1921
(C) 1922 (D) 1927

**2.संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**

(A) 1945 (B) 1950
(C) 1958 (D) 1954

**3.भारत के प्रधान मंत्री ____________ के प्रमुख हैं।**

(A) राज्य सरकार
(B) केंद्र सरकार
(C) राज्य और केंद्र दोनों सरकारें
(D) इनमें से कोई भी नहीं

**4.किसी व्यक्ति को संसद का सदस्य चुने जाने के लिए न्यूनतम आयु सीमा कितनी है?**

(A) राज्यसभा-30 वर्ष और लोकसभा-30 वर्ष
(B) राज्यसभा-25 वर्ष और लोकसभा-25 वर्ष
(C) राज्यसभा-30 वर्ष और लोकसभा-25 वर्ष
(D) राज्यसभा-25 वर्ष और लोकसभा-30 वर्ष

**5.निम्नलिखित में से किस देश से कर्क रेखा नहीं गुजरती है?**

(A) भारत (B) पाकिस्तान
(C) बांग्लादेश (D) म्यांमार

**6.कच्चे इस्पात के उत्पादन में भारत का विश्व में कौन सा स्थान है?**

(A) पहला (B) दूसरा
(C) तीसरा (D) चौथा

7.कंवर झील पक्षी अभयारण्य भारत के किस राज्य में है?

(A) उत्तर प्रदेश (B) असम
(C) मध्य प्रदेश (D) बिहार

**8.एल्युमीनियम और आयरन ऑक्साइड की उच्च मात्रा वाली मिट्टी को _____ के रूप में भी जाना जाता है।**

(A) चेर्नोज़ेम मिट्टी (B) मेडो मिट्टी
(C) पेडलफर मिट्टी (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**9.हमारे सौर मंडल में कौन सा ग्रह पृथ्वी जितना बड़ा माना जाता है?**

(A) मंगल
(B) प्लूटो
(C) बुध
(D) शुक्र

**10.मुहम्मद बिन कासिम पहला मुस्लिम था जिसने सफलतापूर्वक हिंदू क्षेत्रों पर कब्ज़ा किया और भारत में प्रारंभिक मुस्लिम शासन की शुरुआत की। उसने निम्नलिखित में से किस वर्ष भारत पर आक्रमण किया?**

(A) 572 AD
(B) 622 AD
(C) 712 AD
(D) 1526 AD

**1-{A}-2-{A}-3-{B}-4-{C}-5-{B}-6-{B}-7-{D}-8-{C}-9-{D}-10-{C}**



Er Dev Pratap Singh
Director

Contact Us →
+91 6388671098 www.topperclubiasacademy.in dpsctc@gmail.com

Wednesday, 06 May 2026

# भारत की प्रमुख नदियाँ: स्रोत

## सिंधु नदी

- **उद्गम स्थान**: तिब्बत में **मानसरोवर झील** के पास
- **क्षेत्र**: तिब्बती पठार
- **स्रोत नदियाँ**:
  - सिंधु
  - भागा
- **मिलन स्थल**:
  - **लाहौल क्षेत्र में बड़ा लाचा दर्रा**
- **भारत में प्रवेश**: लद्दाख
- **अंतरराष्ट्रीय नदी**: हाँ
- **पाकिस्तान की जीवन रेखा**
- **मुख्य सहायक नदियाँ**:
  - झेलम,चिनाब,रावी, ब्यास, सतलुज
- **सिंधु जल संधि (1960)**: भारत–पाकिस्तान

## चिनाब नदी

- **उद्गम**:**चंद्र नदी + भागा नदी**
- **मिलन स्थल**:**तांडी (लाहौल–स्पीति, हिमाचल प्रदेश)**
- **उद्गम क्षेत्र**: रोहतांग दर्रे के निकट
- **प्रवाह राज्य**:हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर
- **सहायक नदियाँ**:
  - तवी, मरू
- **सिंधु नदी तंत्र की प्रमुख नदी**

## व्यास नदी

- उद्गम:व्यास कुण्ड
- **स्थान**:**रोहतांग दर्रे के पास**, हिमाचल प्रदेश
- **ऊँचाई**:लगभग **4,330 मीटर**
- **प्रवाह क्षेत्र**:हिमाचल प्रदेश, पंजाब
- **अंतिम मिलन**:**सतलुज नदी** में (हरिके)
- **ऐतिहासिक नाम**: विपाशा

## सतलुज नदी

- **उद्गम**:**राकसताल झील**
- **स्थान**:तिब्बत, मानसरोवर क्षेत्र
- **ऊँचाई**:लगभग **4,555 मीटर**
- **भारत में प्रवेश**:शिपकी ला दर्रा
- **प्रवाह राज्य**:हिमाचल प्रदेश,पंजाब
- **अंतिम मिलन**:चिनाब ⟶ सिंधु
- **प्रमुख परियोजनाएँ**:भाखड़ा नांगल बाँध

## रावी नदी

- **उद्गम**:**चंबा घाटी**, हिमाचल प्रदेश
- **प्राचीन नाम**: इरावती
- **सहायक**: बुढ़िल
- **पाकिस्तान में प्रवेश करती है**

## झेलम नदी

- **उद्गम**:**वेरिनाग झील**, जम्मू-कश्मीर
- **प्राचीन नाम**: वितस्ता
- **प्रवाह क्षेत्र**: कश्मीर घाटी

# DAILY GENERAL AWARENESS QUIZ



Er Dev Pratap Singh
Director

Contact Us →
+91 6388671098 www.topperclubiasacademy.in dpsctc@gmail.com

## Wednesday, 06 May 2026

**1. FSSAI ने आम पकाने में कैल्शियम कार्बाइड के अवैध इस्तेमाल से निपटने के लिए देशव्यापी निगरानी तेज़ की। कृषि के संदर्भ में हमें बताओ, आम को पकाने के लिए किस रसायन का प्रयोग किया जाता है?**

**(A)** कैल्शियम सल्फाइड **(B)** कैल्शियम कार्बाइड
**(C)** कैल्शियम कार्बोनेट **(D)** कैल्शियम क्लोराइड

**2. 2026 के अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल सीज़न में आक्रामक खेल की दमदार शैलियों को एक प्रमुख रुझान के रूप में परिभाषित किया गया है। उसी के सन्दर्भ में बताइये, "स्मैशर" शब्द किस खेल से संबंधित है?**

**(A)** हॉकी **(B)** मुक्केबाज़ी
**(C)** वॉली बॉल **(D)** क्रिकेट

**3. ओडिशा सरकार ने लैंड रिकॉर्ड्स की जांच और उन्हें मॉडर्न बनाने के लिए पैनल बनाया है। इस बारे में हमें बताएं, पूरे फाइल सिस्टम को ट्रेस करने और एक्सेस की जा सकने वाली हर चीज को चिह्नित करने में क्या शामिल है?**

**(A)** सूचकांक सूचक **(B)** गार्बिज कलेक्शन
**(C)** फाइल सिस्टम **(D)** स्टेक सूचक

**4. नायलॉन मार्केट शेयर 2033 तक यूएस $ 60.5 बिलियन को पार करने के लिए एक स्वस्थ 5.9% सीएजीआर पर विस्तार प्रदर्शित करता है। उसी के संदर्भ में हमें बताएं, नायलॉन के धागे किससे बने होते हैं?**

**(A)** पॉलिएस्टर बहुलक **(B)** पॉलियामाइड बहुलक
**(C)** पॉलीविनाइल पॉलिमर **(D)** पॉलीसैकराइड

**5. भारतीय रेलवे ने कोलकाता मेट्रो के पावर अपग्रेड और आद्रा मंडल में पुलों के पुनर्निर्माण के लिए ₹895 करोड़ मंज़ूर किए। उसी के सन्दर्भ में बताइये, विश्व की सबसे लंबी रेल लाइन जोड़ती है -**

**(A)** न्यूयॉर्क और सिएटल **(B)** लेनिनग्राद और व्लादिवोस्तोक
**(C)** त्रिवेंद्रम और गुवाहाटी **(D)** पर्थ और सिडनी

**6. स्वास्थ्य मंत्रालय ने सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन 2026 में बच्चों के लिए मधुमेह प्रबंधन दिशानिर्देश जारी किए।**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
**(1) गर्भकालीन मधुमेह गर्भावस्था के दौरान इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ने के कारण होता है और ज्यादातर मामलों में यह आजीवन बना रहता है।**
**(2) DR3-DQ2 और DR4-DQ8 जैसे जीनों की उपस्थिति न केवल टाइप 1 मधुमेह बल्कि सीलिएक रोग के लिए भी संवेदनशीलता का संकेत देती है।**
**(3) निरंतर ग्लूकोज मॉनिटरिंग उपकरण 24 घंटे की अवधि में रक्त ग्लूकोज के स्तर की वास्तविक समय पर नज़र रखने में सक्षम बनाते हैं।**
**उपरोक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?**

**(A)** केवल (1) और (3) **(B)** केवल (1) और (2)
**(C)** केवल (2) और (3) **(D)** इनमे से कोई भी नहीं

**7. कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघिन और चार शावकों की मौत, कैनाइन डिस्टेंपर वायरस फैलने की आशंका, बढ़ी चिंता**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
**(1) कान्हा टाइगर रिज़र्व को प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत शामिल किए जाने से पहले एक राष्ट्रीय उद्यान के रूप में स्थापित किया गया था।**
**(2) यह अरावली पर्वतमाला में स्थित है और पश्चिमी घाट जैव विविधता हॉटस्पॉट का हिस्सा है।**
**(3) रिज़र्व ने बारासिंघा (कठोर ज़मीन वाले दलदली हिरण) के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**
**उपरोक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?**

**(A)** केवल (1) और (3) **(B)** केवल (1) और (2)
**(C)** केवल (2) और (3) **(D)** इनमे से कोई भी नहीं

**8. प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने पर वित्तीय प्रवर्तन में मील का पत्थर मनाया।**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
**(1) प्रवर्तन निदेशालय धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।**
**(2) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के तहत, यह अवैध विदेशी मुद्रा लेनदेन और हवाला लेनदेन जैसे उल्लंघनों की जांच करता है।**
**(3) प्रवर्तन निदेशालय के पास धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत अपराध से प्राप्त आय को कुर्क करने और जब्त करने का अधिकार है।**
**उपरोक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?**

**(A)** केवल (1) और (3) **(B)** केवल (1) और (2)
**(C)** केवल (2) और (3) **(D)** इनमे से कोई भी नहीं

**1-{B} - 2-{C} - 3-{B} - 4-{B} - 5-{B} - 6-{C} - 7-{A} 8-{C}**

TOPPERS CLUB
IAS ACADEMY

# TABLE OF THE DAY



Er Dev Pratap Singh
Director

Contact Us →
+91 6388671098 www.topperclubiasacademy.in dpsctc@gmail.com

**Wednesday, 06 May 2026**

| भारत के प्रमुख मंदिर और उनके राज्य | |
|---|---|
| **मंदिर का नाम** | **राज्य का नाम** |
| **भगवान वेंकटेश्वर मंदिर** | आंध्र प्रदेश |
| **महाबोधि मंदिर** | बिहार |
| **सोमनाथ मंदिर** | गुजरात |
| **द्वारकाधीश मंदिर** | गुजरात |
| **वैष्णो देवी मंदिर** | जम्मू और कश्मीर |
| **अमरनाथ मंदिर** | जम्मू और कश्मीर |
| **विरुपाक्ष मंदिर** | कर्नाटक |
| **गोमतेश्वर मंदिर** | कर्नाटक |
| **पद्मनाभस्वामी मंदिर** | केरल |
| **खजुराहो मंदिर** | मध्य प्रदेश |
| **सिद्धिविनायक मंदिर** | महाराष्ट्र |
| **कोणार्क सूर्य मंदिर** | ओडिशा |
| **स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेम्पल)** | पंजाब |
| **रामनाथस्वामी मंदिर** | तमिलनाडु |
| **मीनाक्षी मंदिर** | तमिलनाडु |
| **रंगनाथस्वामी मंदिर** | तमिलनाडु |
| **बृहदेश्वर मंदिर** | तमिलनाडु |
| **राजगोपालस्वामी मंदिर** | तमिलनाडु |
| **नटराज मंदिर** | तमिलनाडु |
| **काशी विश्वनाथ मंदिर** | उत्तर प्रदेश |
| **बद्रीनाथ मंदिर** | उत्तराखंड |
| **यमुनोत्री मंदिर** | उत्तराखंड |
| **गंगोत्री मंदिर** | उत्तराखंड |
| **श्री जगन्नाथ मंदिर** | ओडिशा |
| **कामाख्या मंदिर** | असम |

TOPPERS CLUB
IAS ACADEMY



Er Dev Pratap Singh
Director

Contact Us →
+91 6388671098 www.topperclubiasacademy.in dpsctc@gmail.com

**Wednesday, 06 May 2026**

# पाक जलडमरूमध्य

## समाचार में क्यों?

**झारखंड के रांची के सात वर्षीय ईशांक सिंह ने** 10 घंटे से कम समय में चुनौतीपूर्ण **पाक जलडमरूमध्य को पार कर** इतिहास रच दिया और ऐसा करने वाले सबसे कम उम्र के तैराक बनकर **विश्व रिकॉर्ड** स्थापित किया।

**अर्थप्रकाशक: -**

**मुख्य बिंदु:**

- **ऐतिहासिक उपलब्धि: ईशांक सिंह ने** लगभग **29 किमी की दूरी पाक जलडमरूमध्य के पार, तलईमन्नार (श्रीलंका)** से धनुषकोडी (तमिलनाडु) तक लगभग **9 घंटे 50 मिनट में तैरकर** पूरी की और इस मार्ग को पार करने वाले सबसे कम उम्र के तैराक के रूप में विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- **प्रशिक्षण:** उन्होंने कई महीनों तक कठोर प्रशिक्षण लिया और **धुर्वा डैम (रांची)** में प्रतिदिन कई घंटे अभ्यास किया।
- उन्हें उनके कोच अमन कुमार जायसवाल और बजरंग कुमार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण मिला।
- **सम्मान:** उन्हें **यूनिवर्सल रिकॉर्ड्स फोरम** द्वारा **"यंगेस्ट एंड फास्टेस्ट पाल्क स्ट्रेट स्विमर"** की उपाधि से सम्मानित किया गया।
- **पिछला रिकॉर्ड:** उन्होंने **जय जसवंत (तमिलनाडु)** का पूर्व रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने **वर्ष 2019 में 10 वर्ष की आयु** में यह उपलब्धि हासिल की थी।

**भारत-श्रीलंका**

- भारत और श्रीलंका के बीच पाक खाड़ी मत्स्य-ग्रहण का विवाद पारंपरिक आजीविका एवं पर्यावरणीय संधारणीयता के बीच संघर्ष को उजागर करता है। हाल के दिनों में मछुआरों की गिरफ्तारियों तथा विनाशकारी **'बॉटम ट्रॉलिंग' के** प्रयोग ने समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर क्षति पहुँचाई है जिससे द्विपक्षीय संबंधों में अतिरिक्त तनाव बढ़ गए हैं। इस मुद्दे के समाधान के लिये स्थायी मत्स्य-ग्रहण की प्रथाओं, संयुक्त संसाधन प्रबंधन और राजनयिक जुड़ाव की आवश्यकता है।
- द्विपक्षीय संबंधों का भविष्य विश्वास निर्माण, रणनीतिक सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता के लिये साझा प्रतिबद्धता पर निर्भर करता है।

***सामरिक और भू-राजनीतिक महत्त्व:***

- **हिंद महासागर** में प्रमुख समुद्री संचार मार्गों (SLOC) के निकट श्रीलंका का स्थान इसे भारत की समुद्री सुरक्षा के लिये अत्यधिक सामरिक प्रासंगिकता प्रदान करता है।
- यह द्वीप भारत के दक्षिणी तट (पाक जलडमरूमध्य में केवल 30 किमी.) के निकट स्थित है, जिससे श्रीलंका में स्थिरता भारत की सुरक्षा संरचना के लिये महत्त्वपूर्ण हो जाती है।
- **कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (CSC)** के माध्यम से भारत, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस के सहयोग से क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी एवं समुद्री निगरानी प्रयासों को बल मिलता है।

***रक्षा और सुरक्षा सहयोग:***

- **वर्ष 2025 में हस्ताक्षरित 5-वर्षीय रक्षा समझौता ज्ञापन (MoU)** इस क्षेत्र में एक उपलब्धि सिद्ध हुई है, जिसने संयुक्त सैन्य अभ्यासों (SLINEX, MITRA SHAKTI), समुद्री निगरानी, प्रशिक्षण तथा रक्षाप्रौद्योगिकी में सहयोग की संरचना को औपचारिक रूप प्रदान किया है।





Er Dev Pratap Singh
Director

Contact Us →
+91 6388671098 www.topperclubiasacademy.in dpsctc@gmail.com

**Wednesday, 06 May 2026**

# उत्तर प्रदेश का भौगोलिक विस्तार

## *भौगोलिक स्थिति एवं विस्तार*

- उत्तर प्रदेश भारत के उत्तरी भाग में स्थित एक प्रमुख राज्य है। यह देश की राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी अक्षांशीय विस्तार **23°52′ उत्तर से 30°24′ उत्तर** तक तथा देशांतर विस्तार **77°03′ पूर्व से 84°39′ पूर्व तक फैला** हुआ है।

## *क्षेत्रफल एवं देश में स्थान*

- यह भारत का **चौथा सबसे बड़ा राज्य** है (क्षेत्रफल के आधार पर) और इसका **कुल क्षेत्रफल 2,40,928 वर्ग किमी** है।

## *सीमाएँ एवं संपर्क स्थिति*

- उत्तर प्रदेश की सीमाएँ **उत्तर में उत्तराखंड से, उत्तर-पूर्व में नेपाल (अंतरराष्ट्रीय सीमा) से, पूर्व में बिहार से, दक्षिण-पूर्व में झारखंड से, दक्षिण में मध्य प्रदेश से, पश्चिम में राजस्थान से तथा उत्तर-पश्चिम में हरियाणा और दिल्ली (NCT) से मिलती** हैं। यह भौगोलिक स्थिति इसे उत्तर भारत का केंद्रीय संपर्क राज्य बनाती है।

## *भौगोलिक संरचना*

- उत्तर प्रदेश की भौगोलिक संरचना अत्यंत विविध है, जिसमें पर्वतीय तराई, विशाल मैदानी क्षेत्र और पठारी भाग शामिल हैं। राज्य का उत्तरी भाग हिमालयी तराई एवं भाबर क्षेत्र कहलाता है, जो **सहारनपुर, पीलीभीत और लखीमपुर खीरी जिलों में** फैला हुआ है। यह क्षेत्र अत्यधिक वर्षा, घने वन और जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है तथा कृषि के लिए उपजाऊ भूमि प्रदान करता है।

## *गंगा का विशाल मैदान*

- राज्य का सबसे **प्रमुख भाग गंगा का विशाल मैदान** है, जो अत्यंत समतल और उपजाऊ क्षेत्र है। इस क्षेत्र से गंगा, यमुना, घाघरा, गंडक और गोमती जैसी महत्वपूर्ण नदियाँ प्रवाहित होती हैं। यहाँ की मिट्टी मुख्य रूप से जलोढ़ मिट्टी है, जो कृषि उत्पादन के लिए अत्यंत उपयुक्त मानी जाती है।
- इस क्षेत्र में धान, गेहूँ और गन्ना प्रमुख फसलें हैं और यह भारत के सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्रों में से एक है।

## *विंध्य एवं बुंदेलखंड पठारी क्षेत्र*

- उत्तर प्रदेश का **दक्षिणी भाग विंध्य एवं बुंदेलखंड पठारी** क्षेत्र कहलाता है, जिसमें **झाँसी, ललितपुर और चित्रकूट** जैसे जिले शामिल हैं। यह क्षेत्र पथरीली भूमि, असमान धरातल और कम वर्षा के लिए जाना जाता है। यहाँ **केन, बेतवा और सोन नदियाँ** बहती हैं, जो इस क्षेत्र की जल आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। यह क्षेत्र अपेक्षाकृत शुष्क और कृषि की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण माना जाता है।

## *जलवायु*

- उत्तर प्रदेश की **जलवायु उष्णकटिबंधीय मानसूनी** प्रकार की है। यहाँ गर्मी का मौसम मार्च से जून तक रहता है जिसमें तापमान काफी अधिक हो जाता है। वर्षा ऋतु जुलाई से सितंबर तक होती है, जो कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और शीतकाल अक्टूबर से फरवरी तक रहता है जिसमें तापमान सामान्यतः कम हो जाता है।

## *मिट्टियाँ*

- राज्य में विभिन्न प्रकार की मिट्टियाँ पाई जाती हैं। जलोढ़ मिट्टी राज्य की सबसे प्रमुख और उपजाऊ मिट्टी है जो गंगा के मैदान में विस्तृत है। दोमट मिट्टी भी कृषि के लिए उपयुक्त मानी जाती है। **बुंदेलखंड क्षेत्र में काली मिट्टी** पाई जाती है, जबकि नदी किनारों पर बलुई मिट्टी मिलती है।

## *महत्व एवं प्रभाव*

- उत्तर प्रदेश का **भौगोलिक स्वरूप कृषि, जनसंख्या और आर्थिक गतिविधियों** को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। यहाँ की नदियाँ न केवल सिंचाई का प्रमुख स्रोत हैं बल्कि परिवहन और धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। राज्य की भौगोलिक विविधता इसे भारत के सबसे महत्वपूर्ण और बहुआयामी राज्यों में से एक बनाती है।

# MAP OF THE DAY BHARAT

Er Dev Pratap Singh
Director

Contact Us →
+91 6388671098 www.topperclubiasacademy.in dpsctc@gmail.com

Wednesday, 06 May 2026




## पूर्वी तटीय मैदान

- **पूर्वी तटीय मैदान** भारत के लिए **कृषि, आर्थिक, पारिस्थितिकीय** और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।
- ये मैदान देश के सबसे उपजाऊ कृषि क्षेत्रों में से एक हैं, जिनका निर्माण **गोदावरी नदी, कृष्णा नदी, महानदी नदी और कावेरी नदी** जैसी नदियों द्वारा लाई गई जलोढ़ मिट्टी के निक्षेपण से हुआ है, जिससे यहाँ विशाल और अत्यंत उपजाऊ डेल्टा क्षेत्र विकसित हुए हैं।
- इन मैदानों को "भारत का धान का कटोरा " कहा जाता है क्योंकि यहाँ धान की सघन खेती के साथ-साथ गन्ना, नारियल और दलहन जैसी फसलों का भी व्यापक उत्पादन होता है, जिससे देश की **खाद्य सुरक्षा** सुनिश्चित होती है।
- यह क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था और व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि यहाँ **चेन्नई बंदरगाह, विशाखापत्तनम बंदरगाह** और **पारादीप बंदरगाह** जैसे प्रमुख बंदरगाह स्थित हैं, जो घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार को सुगम बनाते हैं।
- पूर्वी तटीय मैदान सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये **बंगाल की खाड़ी** के निकट स्थित हैं, जिससे नौसैनिक गतिविधियाँ, तटीय सुरक्षा और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ संपर्क मजबूत होता है।
- पारिस्थितिकीय दृष्टि से यह क्षेत्र समृद्ध जैव विविधता का समर्थन करता है, जिसमें आर्द्रभूमियाँ, लैगून और मैंग्रोव वन शामिल हैं, जैसे **भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान**, जो चक्रवात और तटीय कटाव से प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करते हैं।
- **पुलिकट झील** जैसे लैगून मछली पालन, जलीय कृषि और पक्षी आवास को बढ़ावा देते हैं, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका मजबूत होती है और पारिस्थितिक संतुलन बना रहता है।
- यह क्षेत्र **उपजाऊ मिट्टी, जल उपलब्धता** और बेहतर परिवहन सुविधाओं के कारण घनी जनसंख्या को भी समर्थन देता है, जिससे यह आर्थिक रूप से अत्यंत सक्रिय क्षेत्र बन जाता है।
- हालाँकि, यह क्षेत्र **चक्रवात, बाढ़ और तूफानी ज्वार** जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील भी है, जिससे यहाँ आपदा प्रबंधन नीतियों का विशेष महत्व बढ़ जाता है।

TOPPERS CLUB
IAS ACADEMY

# MAP OF THE DAY WORLD



Er Dev Pratap Singh
Director

Contact Us →
+91 6388671098 www.topperclubiasacademy.in dpsctc@gmail.com

## Wednesday, 06 May 2026




# SCO

***उत्पत्ति :***

- SCO की उत्पत्ति **"शंघाई पांच"** से हुई, जिसका गठन **1996 में** हुआ था, जिसमें चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान शामिल थे
- इसे 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद उत्पन्न धार्मिक उग्रवाद और जातीय तनाव से जुड़ी चिंताओं को संबोधित करने के लिए बनाया गया था।

***स्थापना :***

- SCO की स्थापना **15 जून 2001 को शंघाई** में हुई, जिसमें उज्बेकिस्तान को छठे सदस्य के रूप में जोड़ा गया।
- बेलारूस के शामिल होने से पहले इसके नौ सदस्य थे: **भारत, ईरान, कजाखस्तान, चीन, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान।**
- अफगानिस्तान और मंगोलिया को पर्यवेक्षक  का दर्जा प्राप्त है।

***महत्व :***

- एशिया में सुरक्षा मुद्दों को संबोधित करता है और इसमें मुख्यतः एशियाई सदस्य शामिल हैं।
  SCO महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन कुछ अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक है जो सुरक्षा मुद्दों पर केंद्रित हैं और जिनमें मुख्यतः एशियाई देश शामिल हैं।
- रूस और चीन इसे **"पश्चिमी" अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था** के विकल्प के रूप में देखते हैं और BRICS समूह के साथ मिलकर अमेरिका के प्रभाव का संतुलन बनाने का प्रयास कर रहे हैं।
- **SCO विश्व की 40%** जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है, और सदस्य देश वैश्विक **GDP में लगभग 23 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का योगदान देते हैं।**

***भारत के लिए SCO की प्रासंगिकता :***

- **क्षेत्रीय सहयोग :** SCO की सदस्यता भारत को मध्य एशियाई देशों के साथ सहयोग बढ़ाने की अनुमति देती है, जिससे 1991 में उनके गठन के बाद से संबंधों में सुधार हुआ है। यह साझा सुरक्षा मुद्दों पर प्रमुख क्षेत्रीय देशों के साथ संवाद को सुगम बनाता है।
- **आतंकवाद विरोधी प्रयास : RATS, SCO के भीतर** एक महत्वपूर्ण स्थायी संरचना है। इसने भारत जैसे देशों को आतंकवाद विरोधी अभ्यास, खुफिया विश्लेषण और आतंकवादी गतिविधियों तथा मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी साझा करने में मदद की है।
- **भारत के लिए चुनौतियाँ :** जबकि **SCO की सदस्यता क्षेत्रीय जुड़ाव** को बढ़ाती है, द्विपक्षीय संबंधों के प्रबंधन में चुनौतियाँ बनी रहती हैं, जो भारत की भागीदारी और **Belt and Road Initiative (BRI)** जैसी पहलों पर उसके रुख को प्रभावित करती हैं।
- भारत को **SCO में कई चुनौतियों का सामना** करना पड़ता है, जिनमें चीन और रूस के साथ संतुलन बनाना, क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं का समाधान करना, पाकिस्तान के साथ संबंधों का प्रबंधन, आर्थिक लाभ सुनिश्चित करना, रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखना, संप्रभुता से जुड़े मुद्दों से निपटना और **SCO देशों के साथ द्विपक्षीय** व्यापार बढ़ाना शामिल है।

***वर्तमान स्थिति (2026):***

- वर्तमान में (2026 तक) **SCO 10 सदस्य देशों (चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत, पाकिस्तान, ईरान और बेलारूस)** का एक प्रमुख क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक संगठन बन गया है।